Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 101 ◻ रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

व्यवसायिक परीक्षा मंडल का हुआ विलय, कर्मचारी चयन मंडल का गठन, रेणु पिल्ले बनीं पहली अध्यक्ष

रायपुर, 5 मई (हाईवे चैनल)। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के गठन का आदेश जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल का विलय नए कर्मचारी चयन मंडल में कर दिया गया है। राज्य शासन के आदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी रेणु जी. पिल्ले (1991 बैच) को आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं और छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रही हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नई जिम्मेदारी के साथ रेणु पिल्ले माध्यमिक शिक्षा मंडल के अतिरिक्त प्रभार का कार्य भी यथावत जारी रखेंगी। इस निर्णय के बाद राज्य में भर्ती एवं चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य अब नए गठन किए गए मंडल के अंतर्गत संचालित होंगे।

रायपुर कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल, एसआई, एएसआई और हेड कांस्टेबल समेत 136 पुलिसकर्मियों के हुए तबादले

रायपुर, 5 मई (हाईवे चैनल)। रायपुर कमिश्नरेट में बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने कुल 136 पुलिसकर्मियों के तबादले का आदेश जारी करते हुए नामों की सूची भी प्रकाशित की है। इनमें 2 एसआई, 16 एएसआई तथा 118 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हैं। इस फेरबदल के तहत कई अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके वर्तमान थानों से हटाकर नए थानों और इकाइयों में पदस्थ किया गया है।

प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण हेतु अधिकारियों के पदस्थापना में आंशिक परिवर्तन

रायपुर, 5 मई (हाईवे चैनल)। राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक कार्यों में गति, समन्वय एवं दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से अधिकारियों के पदस्थापना में आंशिक परिवर्तन किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा एवं आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। इस संबंध में जारी आदेशानुसार, सुश्री अंकिता गर्ग (रा.प्र.से.), उप सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी शेष पदस्थापना यथावत रखी गई है, जबकि श्रीमती सरोज उइके, उप सचिव, जो वर्तमान में खनिज साधन विभाग में पदस्थ थीं, उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में नवीन पदस्थापना प्रदान की गई है। राज्य शासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नवीन पदस्थापना पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कर नियमानुसार पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस्तीफा दिया: डीएमके सूत्रों से मिली जानकारी

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि उनका इस्तीफा पत्र राज्य के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के कार्यालय को भेज दिया गया है। डीएमके को 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों में विजय के नेतृत्व वाली टीवीके से हार का सामना करना पड़ा था। डीएमके ने तमिलनाडु विधानसभा की 234 सदस्यीय विधानसभा में 59 सीटें जीतकर प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी है। एआईएडीएमके ने 47 सीटें जीतीं। टीवीके ने 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया है। स्टालिन ने कहा है कि डीएमके एक मजबूत विपक्षी दल के रूप में काम करेगी।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, ममता बेनर्जी कह रहीं हैं कि भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर मेरे 100 सीट लूट लिए।

चुहिया- हां जी, लेकिन वो तो अपनी सीट भी नहीं बचा सकी।

तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर जंगली सूअर ने किया हमला, 5 की हालत गंभीर, इलाज जारी

डोंगरगढ़, 5 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ के कोहलाकसा जंगल में उस वक्त चीख पुकार मच गई, जब तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। इस हमले में 5 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनमें से एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। सभी घायल महिलाओं को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। इस घटना से आसपास के गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक, चिचोला, मुंगलानी और नारायणगढ़ गांव की 10 महिलाएं तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए एलबी नगर क्षेत्र के कोलहाकसा जंगल में गई थी, तभी अचानक उनपर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। सूअर का हमला इतना घातक था कि 5 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं जंगली सुअर के हमले में कोलहाकसा गांव की रहने वाली फूलबाई साहू की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। फूलबाई के सीने और हाथ में गंभीर चोट आई है। फिलहाल सभी घायल महिलाओं को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। तेंदूपत्ता सीजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल की ओर जाते हैं। इस बीच हुई इस घटना ने सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है। फिलहाल वन विभाग की ओर से इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

भालू का आतंक: तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण पर किया हमला, वन विभाग ने की आर्थिक मदद

महासमुंद, 5 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में इन दिनों जंगली भालू का आतंक देखने को मिल रहा है। इस बीच एक ताजा मामला सिंगारपुर, लारीपुर और बड़े लोरम के जंगल से सामने आया है, जहां तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। इस हमले में घायल ग्रामीण को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र सांकरा से पिथौरा रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, सिंगारपुर गांव का रहने वाला विशेष कुमार प्रधान तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए सिंगारपुर, लारीपुर और बड़े लोरम के जंगल की ओर गया था। इसी दौरान भालू ने उसपर हमला कर दिया। इस हमले में वो लहूलुहान हो गया, जिसके बाद उसे स्वास्थ्य केंद्र सांकरा ले जाया गया और फिर वहां से उसे पिथौरा रेफर कर दिया गया। इधर सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल की आर्थिक मदद की। लोरम लारीपुर और सिंगारपुर के बीच हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

बंगाल में 9 मई को भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण, समिक भट्टाचार्य ने किया एलान

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख सामने आ गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के अनुसार, नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण 9 मई को आयोजित किया जाएगा। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 2026 सीटों पर कब्जा जमाया है। जबकि सत्ताधारी दल रही टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब सभी की निगाहें राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरे और शपथ ग्रहण की तारीख पर टिक गई हैं। इसी सवाल का जवाब देते हुए राज्य भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बड़ा अपडेट दिया है, उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा।

बहुमत से 10 कदम दूर विजय की टीवीके सरकार बनाने के लिए गवर्नर से मांगा समय

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के ऐतिहासिक नतीजों के बाद अब राज्य में सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। अपने पहले ही चुनाव में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम ने अब राजभवन का रुख किया है। सूत्रों के मुताबिक, विजय ने तमिलनाडु के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिलने का औपचारिक समय मांगा है। पार्टी सबसे बड़े दल के नाते सरकार बनाने का दावा पेश करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बताया कि विजय सुबह 10 बजे टीवीके के दफ्तर के लिए रवाना होंगे, जहाँ वे पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों से मुलाकात करेंगे। सभी 234 विधानसभा सीटों पर वोटों की गिनती पूरी होने के बाद, टीवीके ने कुल 108 सीटें हासिल कीं।

नूह में भीषण सड़क हादसा: यूपी पुलिस के 5 जवानों की मौत, अपहरण केस में दबिश के लिए गई थी टीम

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। हरियाणा के नूंह में मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के पांच जवानों की मौत हो गई। घटना से इलाके में कोहराम मच गया। फिलहाल पूरे मामले की छानबीन चल रही है। यह पूरा मामला नूंह के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे (रास्ता) का है। जहां धुलावट टोल प्लाजा के पास एक कार पलवल की ओर से आ रही थी। इसी दौरान वाहन चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने चल रही दूसरी गाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे में 2 दारोगा, 2 सिपाही समेत 5 की मौत हुई है। पांचों जवान अपहरण केस में दबिश के लिए गए थे। पांचो जालौन की उरई कोतवाली में तैनात थे। शवों को यूपी लाया जा रहा है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

शर्त पर अनिल टुटेजा को झारखंड शराब घोटाले में अग्रिम जमानत मिली

रायपुर, 5 मई (हाईवे चैनल)। निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा को कथित झारखंड शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। जस्टिस पीपी साहू ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने अनिल टुटेजा को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो सॉल्वेंट जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही उन्हें जांच में सहयोग करने और गवाहों को प्रभावित न करने की सख्त हिदायत दी गई है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर अनिल टुटेजा जांच में सहयोग नहीं करते हैं, तो जांच एजेंसी को उनकी जमानत रद्द कराने के लिए आवेदन करने की छूट होगी। बता दें कि करीब एक सप्ताह पहले छत्तीसगढ़ के चर्चित डीएमएफ घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे अनिल टुटेजा की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। ऐसे में इस मामले में जमानत मिलने के बावजूद अनिल टुटेजा का जेल से बाहर आना फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

दरअसल, आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने अनिल टुटेजा पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और आईपीसी की धारा 420, 120बी के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि टुटेजा और अन्य आरोपियों ने झारखंड में छत्तीसगढ़ के आबकारी मॉडल की तर्ज पर अवैध शराब का कारोबार चलाने के लिए सिंडिकेट बनाया था। इस सिंडिकेट ने झारखंड की आबकारी नीति में बदलाव करवाकर अपने पसंदीदा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया और करोड़ों रुपए का अवैध कमीशन कमाया। अनिल टुटेजा ने इस मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी, जिसमें तर्क दिया गया कि यह एक्सट्रीम अरेस्ट यानी हमेशा जेल में रखने की साजिश का मामला है। जब भी एक मामले में जमानत मिलने वाली होती है तो जेल में रखने के लिए एक नई एफआईआर दर्ज कर दी जाती है। झारखंड पुलिस ने इसी मामले में अगस्त से एफआईआर दर्ज की है, लेकिन वहां टुटेजा को आरोपी तक नहीं बनाया गया है।

डेढ़ सौ हाथियों का डेरा, रायगढ़ में धान और मक्का फसल किया बर्बाद

रायगढ़, 5 मई (हाईवे चैनल)। जिले में हाथियों की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। जिले में 130 से अधिक हाथियों का मूवमेंट दर्ज किया गया है। रात होने के बाद हाथियों के झुंड किसानों के खेतों में पहुंच रहे हैं। रविवार रात धर्मजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में लगभग 15 किसानों की धान और मक्का की फसल को हाथियों ने खाकर और पैरों से रौंदकर नष्ट कर दिया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

रायगढ़ वन मंडल में 38 और धर्मजयगढ़ वन मंडल में 94 हाथियों की मौजूदगी बताई जा रही है। रविवार रात धर्मजयगढ़ रेंज के आमगांव में हाथियों का दल खेतों तक

पहुंचा, जहां उन्होंने 5 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। वहीं दरौंडीह और ओंगना में 3 किसानों की फसल, क्रोंधा में 1 किसान की फसल, छल रेंज के लामीखार में 1 किसान की मक्का फसल, हाटी तेंदुमुडी में 3 किसानों की धान की फसल और बोरो रेंज के कुमा में 2 किसानों की धान की फसल को नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार रात में हाथियों के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों और वनकर्मियों ने उन्हें खेतों से भगाने का प्रयास किया, लेकिन हाथियों का दल खेतों में डटा रहा और सुबह होने से पहले वापस जंगल की ओर चला गया। सुबह विभागीय कर्मचारियों ने नुकसान का आकलन शुरू किया।

यूएई तेल पोर्ट पर ईरानी हमले से भड़का भारत कहा- 'अपने नागरिकों पर हमला बर्दाश्त नहीं'

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा स्थित सबसे बड़े तेल केंद्र पर हुए हमले में भारतीय नागरिकों के घायल होने के बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने इस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए साफ कहा कि अपने नागरिकों और आम लोगों पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच भारत ने शांति और कूटनीतिक समाधान की भी जोरदार अपील की है। फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर हुए ईरानी हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नागरिकों और महत्वपूर्ण ढांचे पर हमला करना गलत है। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा रोकने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है। यूएई के अनुसार, इस हमले में 15 मिसाइल और 4 ड्रोन इंटरसेप्ट किए गए। ज्यादातर हमलों को रोक लिया गया, लेकिन एक ड्रोन तेल सुविधा में गिरा, जिससे आग लग गई और वहां काम कर रहे तीन भारतीय घायल हो गए। ईरान ने सीधे तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

राष्ट्रपति भवन के दर पहुंची आप: राघव चड्ढा ने लगाए उत्पीड़न के आरोप, सीएम मान बोले-सात एमपी की मान्यता रद्द हो

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर बवाल नहीं थम रहा। आज आप की रार राष्ट्रपति भवन पहुंच गई। मंगलवार को पहले आप के बागी सांसदों और फिर पंजाब के सीएम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

वहीं उनसे पहले आम आदमी पार्टी छोड़ चुके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सांसद राघव चड्ढा ने आप और पंजाब सरकार पर बड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि पंजाब सरकार किस तरह उन सांसदों के खिलाफ बदले की खतरनाक राजनीति के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है,

जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली है। वर्ल्ड कप विजेता हरभजन सिंह के घर के बाहर आप कार्यकर्ताओं ने पंजाब पुलिस की मदद से गद्दार लिख दिया था।

इसके बाद, पंजाब में पद्मश्री राजेंद्र गुप्ता की फैक्टरी का पानी का कनेक्शन काट दिया गया। आप ने संदीप पाठक के खिलाफ भी दुर्भावनापूर्ण और मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज करवाई, और मीडिया के जरिए यह बात फैलाई गई कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। मैं आप को बताना चाहता हूं कि उन्होंने विजिलेंस बोर्ड और प्रदूषण बोर्ड की मदद से बदले का एक खतरनाक खेल शुरू किया है, लेकिन इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। सूत्रों के मुताबिक, अगला निशाना मैं हूं। पंजाब सरकार ने सोशल मीडिया पर हमें धमकाने के लिए एजेंसियों को हायर किया है। आप यह सब पंजाब सरकार के फंड का इस्तेमाल करके कर रही है। यही वजह है कि मैंने कहा था कि आप भ्रष्ट और समझौता करने वाले लोगों के हाथों में फंसी हुई है।

सीएम मान बोले-पंजाब के साथ धोखा किया: वहीं मुलाकात के बाद सीएम मान ने कहा कि हमने पार्टी छोड़ चुके सात सांसदों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि जिस भाजपा के पंजाब में दो विधायक हैं, उनके छह सांसद कैसे हो सकते हैं। इस प्रकरण पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा, सुना है कि सीएम मान वोल्वो बसों में सभी विधायकों को लेकर दिल्ली में राष्ट्रपति से मिलने जा रहे हैं।

'कुछ कांग्रेसी टीएमसी की हार पर खुश हो रहे', अपनों पर बरसे राहुल गांधी, भाजपा की जीत को बताया लोकतंत्र पर हमला

नई दिल्ली, 5 मई (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत को जनादेश की चोरी करार दिया है। सोमवार को घोषित नतीजों में भाजपा ने बंगाल में टीएमसी को हराया और असम में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है।

राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का भी समर्थन किया, जिसे चुनावों में भाजपा ने करारी शिकस्त दी है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस में कुछ लोग और अन्य, टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझने की जरूरत है कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने मिशन में भाजपा द्वारा एक बड़ा कदम है। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे कहा, छोटी-मोटी राजनीति को किनारे रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी के बारे में नहीं है। यह भारत के बारे में है। राहुल गांधी का यह बयान भाजपा की बड़ी जीत पर एक तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने इसे केवल चुनावी हार-जीत से बड़ा मुद्दा बताया है।